प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 31/2022)

तत्काल प्रकाशन के लिए

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

"मीडिया स्वामित्व से संबंधित मुद्दों" पर भादूविप्रा के परामर्श पत्र पर टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार

नई दिल्ली, 10 मई, 2022: भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 12 अप्रैल, 2022 को "मीडिया स्वामित्व से संबंधित मुद्दे" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 मई 2022 और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24 मई 2022 निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त परामर्श पत्र पर टिप्पणियों को प्रस्तुत करने के लिए समय के विस्तार के लिए हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, इस आधार पर कि परामर्श पत्र में कई मुद्दों पर गहन अध्ययन की आवश्यकता है, टिप्पणियों और प्रति-टिप्पणियों को जमा करने की अंतिम तिथि को क्रमशः **07 जून 2022** और **21 जून 2022** तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण को ईमेल :advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-2@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष क्रमांक +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

RAGHUNANDAN VARTHAKAVI

Digitally signed by RAGHUNANDAN VARTHAKAVI
DN: c=IN, o=TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA, ou=TRAI, postalCode=110002, st=DELHI, cn=RAGHUNANDAN VARTHAKAVI
Date: 2022.05.10 10:34:54 +05'30'

वी. रघुनंदन

सचिव, भादूविप्रा